upDesco

सन्दर्भ संख्या:- D/25-26/4327
दिनांक:- 21-02-2026

सेवा में,

1. प्रमुख सचिव/अपर मुख्य सचिव,
   उच्च शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग; व्यावसायिक शिक्षा/कौशल विकास मिशन; चिकित्सा शिक्षा विभाग; सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्यम; पशुधन विभाग; कृषि विभाग; कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग; आई.टी. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग; संस्कृति विभाग; दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग; बेसिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन।
2. कुलपति,
   इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज; अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़; बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ; बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी; केन्द्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय, वाराणसी; राजीव गाँधी नेशनल एवीएशन विश्वविद्यालय, फुरसतगंज, अमेठी; नेहरु ग्राम भारती, प्रयागराज; उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ फोरेंसिक साइंस, लखनऊ; लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल कौशल और प्रशिक्षण परिषद, मेरठ; केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, वाराणसी, उत्तर प्रदेश ।

विषयः- स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत वितरित किये गए टैबलेट/स्मार्टफोन पर आच्छादित विभागों द्वारा फ्लैश मैसेज के माध्यम से एजुकेशनल कन्टेन्ट भेजे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

आप अवगत ही हैं कि शासनादेश संख्या 975/77-1-2022-156/2021 दिनांक 18 जुलाई, 2022 के अनुपालन में प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना लागू की गयी है जिसके क्रम में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से यूपीडेस्को नोडल संस्था के रूप में कार्यरत है।

2. योजनान्तर्गत जनपदों को आपूर्ति की गयी डिवाइसेज़ का लाभार्थियों को सम्बन्धित जनपदों द्वारा उनके अंतर्गत स्थित संस्थानों के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु उनको वितरित किये गये टैबलेट/स्मार्टफोन पर विभागों एवं विश्वविद्यालयों द्वारा समय-समय पर आवश्यकतानुसार फ्लैश मैसेज के माध्यम से एजुकेशनल कन्टेन्ट भेजने की सुविधा उपलब्ध है।

3. उल्लेखनीय है कि भेजे जाने वाले एजुकेशनल कन्टेन्ट को छात्र-छात्रायें डिजीशक्ति अध्ययन मोबाइल ऐप पर प्राप्त लिंक के माध्यम से देख सकते हैं। एजुकेशनल कन्टेन्ट के रूप में छात्र-छात्राओं को आपके विभागों की विकासशील योजनाओं से भी अवगत कराया जाना है तथा नवीनतम अपडेट के साथ समय-समय पर नयी जानकारी भी साझा की जानी है। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित विभाग द्वारा उक्त के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कक्षा, पाठ्यक्रम आदि की जानकारी, विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों की सामग्री, कैरियर और रोजगार के बारे में जानकारी और सरकार द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कोई अन्य जानकारी भी उपलब्ध करायी जा सकती है।

4. उक्त कार्य हेतु समस्त आच्छादित विभागों/विश्वविद्यालयों के नोडल अधिकारियों द्वारा डिजीशक्ति पोर्टल पर उनके लॉगिन के अन्तर्गत लक्षित समूह के लिये एजुकेशनल कन्टेन्ट फ्लैश मैसेज के माध्यम से भेजे जाने की व्यवस्था निर्धारित है जिसका उपयोग कर उनके द्वारा कन्टेन्ट के लिंक को पुश कर सम्बन्धितों को प्रेषित किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में यूज़र मैनुअल डिजीशक्ति पोर्टल पर Menu Bar में Instruction टैब के अन्तर्गत उपलब्ध कराया गया है। साथ ही पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित है।

5. उक्त के सन्दर्भ में योजनान्तर्गत विकसित डिजीशक्ति पोर्टल से प्राप्त अद्यतन सूचना अनुसार विभिन्न विभागों/केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित किये गये फ्लैश मैसेजेस की स्थिति निम्नवत हैः-

क्र.सं.	विभाग/केन्द्रीय विश्वविद्यालय का नाम	भेजे गये फ्लैश मैसेज की संख्या
1	आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ.प्र. शासन।	10
2	प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ.प्र. शासन।	3798
3	अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ.प्र. शासन।	16
4	सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ.प्र. शासन।	13
5	चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ.प्र. शासन।	20
6	नियोजन विभाग, उ.प्र. शासन।	8
7	बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।	12
	कुल योग	3877

आपसे अनुरोध है कि अपने विभाग/विश्वविद्यालय स्तर से आवश्यकतानुसार एजुकेशनल कन्टेन्ट भेजे जाने हेतु इस योजना से सम्बन्धित नोडल अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि सम्बन्धित छात्र-छात्राओं को इस योजना का समुचित लाभ मिल सके।

भवदीया,

संलग्नकः-यथोक्त

Digitally signed by
Neha Jain
Date: 20-02-2026
10:21:46

(नेहा जैन)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ.प्र. शासन।
2. कुलसचिव, योजना से सम्बंधित समस्त विश्वविद्यालयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु ई -मेल के माध्यम से प्रेषित ।

(नेहा जैन)
प्रबन्ध निदेशक